ला

वित्त
जोर
नेक
कर
डीसी
हुए
कास
मृद्धि
ं को
लाई
ं की
नकी
ई-
न या
न ले
का
लाए
इस

नवाचार फैलोशिप पर कार्यशाला का आयोजन

गुरुग्राम : सैक्टर 9 स्थित राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 9 में प्राचार्य मधु अरोड़ा के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन कराया गया। बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय के एसीआईसी संस्थान के साथ कराई गई कम्युनिटी इनोवेशन फेलोशिप कार्यक्रम पर केंद्रित इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के वाणिज्य खंड में हुआ। उक्त कार्यक्रम में कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 90 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। देश की अर्थव्यवस्था में छोटे उद्यमियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या ने विद्यार्थियों को जॉब सीकर के बजाय जॉब प्रोवाइडर बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उद्यमशील विचार और नवाचारों के आधार पर इसी आयु वर्ग का युवा अपने साथ-साथ अनेकों लोगों को रोजगार युक्त करने का सामर्थ्य रखता है। मुख्य वक्ता नेहा ने प्रकल्प की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने स्टार्टअप और उससे जुड़े आयाम पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया।